## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को किया रद्द। कल एक अहम फैसले में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम दो हजार चार की संवैधानिक वैधता को रखा बरकरार।
- वीरगाथा प्रोजेक्ट के अन्तर्गत प्रदेश को देश भर में पहला स्थान। सर्वाधिक नामांकन कराने वाले देश के पचास जनपदों में उत्तर प्रदेश के अट्ठारह जनपद भी शामिल।
- प्रदेश सरकार ने आरओ–एआरओ प्री और पीसीएस प्री की परीक्षा की नई तिथि की घोषित। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम।
- नहाय–खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व। आज शाम व्रती करेंगे खरना पूजन।
- प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा का हुआ निधन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने कल के महत्वपूर्ण फैसले में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा है कि यह अधिनियम धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करते हैं। भारत के मुख्य न्यायधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्र की खंडपीठ ने कल 22 मार्च के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें इस अधिनियम को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ घोषित किया था। शीर्ष न्यायालय की इस व्यवस्था के अनुसार प्रदेश में मदरसे काम करते रहेंगे और सरकार को शैक्षिक मानक निर्धारित करने का अधिकार होगा। इससे पहले अप्रैल में शीर्ष अदालत ने विवादास्पद निर्णय पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मदरसा बोर्ड फाजिल, कामिल जैसी उच्च शिक्षा की डिग्री नहीं दे सकता, क्योंकि यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के विपरीत है। लखनऊ ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फरंगी महली ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

**********

वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रदेश ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। देश में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 50 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 18 जनपद शामिल हैं। पेश है एक रिपोर्ट....(9)

***वीरगाथा प्रोजेक्ट रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का एक संयुक्त कार्यक्रम है। इस परियोजना का उद्देश्य स्कूली छात्रों के बीच वीरता पुरस्कार विजेताओं और सशस्त्र बलों के कर्मियों के बहादुरी के कार्यों और उनकी प्रेरणादायक कहानियों को बढ़ावा देना है। वर्ष 2024–25 में वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट के तहत 16 सितंबर से 31 अक्टूबर तक स्कूली छात्रों के ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए थे। इस दौरान उत्तर प्रदेश ने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। देश में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 50 जनपदों में पीलीभीत ने दूसरा स्थान हासिल किया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

केंद्र सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को स्थिर रखने के साथ–साथ किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस क्रम में, उपभोक्ता, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में भारत ब्रांड चावल और आटा योजना के दूसरे चरण का उद्घाटन किया।

***भारत ब्रांड राइज़ एंड भारत ब्रांड आटा शुरू करने का निर्णय करके हमने लॉचिंग किया है। चावल 34 रुपये में, आटा अंडर भारत ब्रांड अवेलेबल है, एट दी एम आर पी नॉट एक्सिडिंग 30 रुपये।***

**********

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने जन प्रतिनिधियों के साथ जिला अनुश्रवण और निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इससे पहले राहुल गांधी ने पीपलेश्वर मंदिर में दर्शन किए। इस मौके पर उन्होंने नगर पालिका द्वारा निर्मित शहीद चौक का उद्घाटन और कई सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उनके साथ अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

**********

मथुरा में ग्यारह दिवसीय ब्रज रज उत्सव का कल शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और सांसद हेमा मालिनी ने किया। बृज रज उत्सव के प्रथम दिन फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने हमारे राम की प्रस्तुति में रावण का अभिनय कर समां बाँध दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण ने कहा कि इस मंच पर पूरे देश के संगीत की झलक देखने को मिलती है।

***ये बहुत अच्छा एक संगीत की विभिन्न विधाओं का ऐसा संगम है कि जो अन्यत्र देखने को कहीं नहीं मिलता है। मुख्य इसका जो उद्देश्य था वो यही था की जो हमारी पुरानी संगीत की विधाएँ हैं वो पुनर्जीवित हो वो प्रचलित रहे। बृज भूमि में जो अनेक प्रकार के हमारे बृज के संगीत के कार्यक्रम है वो भी सब यथावत बने रहे और उनका विकास करना है। यहाँ जो लोकल भी हमारे कलाकार हैं उनके विकास के लिए भी ये एक बहुत अच्छा माध्यम है।***

**********

प्रदेश सरकार ने आरओ–एआरओ प्री और पीसीएस प्री परीक्षा की नई तारीख का एलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अनुसार आरओ–एआरओ की परीक्षा बाइस और तेइस दिसंबर को तीन शिफ्टों में होगी। आरओ–एआरओ प्री की परीक्षा में 10.76 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। जबकि पीसीएस प्री परीक्षा सात और आठ दिसंबर को दो सत्रों में होगी। यह परीक्षा प्रदेश के 41 जिलों में दो सत्रों में होगी। परीक्षा को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं।

**********

नहाय खाय के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ की कल से शुरुआत हो गई है। छठ व्रती आज शाम **खरना** पूजन करेंगे। बृहस्पतिवार को निर्जल उपवास करते हुये छठ व्रती अस्तांचलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य देंगे और अगले दिन शुक्रवार को उगते हुये भगवान भाष्कर को अर्ध्य देकर अपना व्रत सम्पन्न करेंगे। छठ पर्व को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में खास तौर से पूर्वी जिलों में विशेष उत्साह है। बाजार छठ पूजा की सामग्री से पटे हुये हैं। बाजारों में चहल–पहल और भीड़–भाड़ है। उधर नदियों, तालाबों और छठ पर्व के लिये अस्थायी रूप से बनाये गये पोखरों को अर्ध्य देने के लिये तैयार किया जा रहा है। इन सभी स्थानों पर साफ–सफाई और रौशनी के प्रबंध किये जा रहे हैं। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि लोगों को छठ पर किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिये पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। अमरोहा के वासुदेव तीर्थ स्थल समेत अन्य सरोवरों पर पूजा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी में गंगा के घाटों और सरोवरों पर  एनडीआरएफ़ के जवान तैनात किए गए हैं। गोरखपुर में भी छठ के पर्व को लेकर खास तैयारियां की गई हैं। **पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट....**

***उत्साह व उमंग के साथ छठ महापर्व की शुरूआत कल से ही हो चुकी है । पर्व के दूसरे दिन आज खरना है। इसमें महिलाएं दिन भर उपवास रखकर शाम को गुड़ की खीर और रोटी बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ ग्रहण करेंगी। इसके बाद से ही छठ महापर्व को लेकर निर्जल व्रत का शुभारंभ हो जाएगा। कल बृहस्पतिवार को शाम को व्रती महिलाएं छठ घाट पर पहुंचकर नदी व कृत्रिम घाट के किनारे बनाए गए बेदी पर छठ माता की पूजा अर्चना करेंगी। इसके साथ ही अस्ताचलगामी सूर्य को पानी में उतरकर अर्घ्य देंगी। छठ महापर्व के अगले दिन शुक्रवार को ब्रह्म मुहूर्त में ही छठ घाट पहुंचकर  सूर्य उदय के समय उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देखकर छठ महापर्व का समापन होगा। आकाशवाणी समाचार के लिये गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।***

**********

प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा का कल निधन हो गया। उन्होंने कल दिल्ली एम्स में रात 9 बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली। एम्स प्रशासन के अनुसार शारदा सिन्हा का सेप्टिसीमिया के परिणामस्वरूप रिफ्रैक्टरी शॉक के कारण निधन हुआ। उल्लेखनीय है कि वो पिछले 11 दिनों से एम्स में भर्ती थीं। उनके निधन पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य राजनेताओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। साथ ही उनके निधन को कला के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति बताया है।

**********

त्योहारों के दौरान यात्रियों की सहुलियत के लिए उत्तर मध्य रेलवे –एनसीआर से देश के विभिन्न भागों के लिए 22 विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। ये ट्रेनें गोरखपुर, सहरसा, जयनगर, पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सिकंदराबाद और मालदा टाउन के लिए चलाई जा रही हैं।

**********